सार-समाचार

स्वास्थ्य केंद्र पादरली को पुरस्कार मिला

जालोर, (कासं)। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) के तहत जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पादरली को राष्ट्रीय स्तर से सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। एनक्युएएस के सभी मापदंड को पूर्ण करते हुए पीएचसी पादरली जिले में बेहतर सुविधाजनित पीएचसी के रूप में प्रमाणित हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने बताया कि जिला कार्यक्रम प्रबंधक चरणसिंह के नेतृत्व में जिला क्वालिटी टीम द्वारा पादरली पीएचसी के प्रत्येक मापदंड को पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास कर व्यापक तैयारियाँ की गई थी जिसके फलस्वरूप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पादरली प्रत्येक मापदंड को पूर्ण करते हुए 87.16 प्रतिशत का स्कोर प्राप्त कर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) के तहत जिले की बेहतर सुविधाजनित पीएचसी के रूप में प्रमाणित हुई है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक चरण सिंह ने बताया कि खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी आहोर डॉ. पूरणमल मुनोत एवं जिला क्वालिटी टीम में नर्सिंग ऑफिसर शिवकुमार तथा मादाराम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पादरली के प्रमाणीकरण के सबंध में ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर नियमित समन्वय स्थापित कर पीएचसी में जो कमियां थी, उनको पूर्ण किया जिसमें पादरली चिकित्साधिकारी एवं समस्त स्टाफ का काफी सहयोग रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर दल द्वारा 25 व 26 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का असेसमेंट किया गया था। अससेमेंट के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र के 6 मापदंड का निरीक्षण किया गया जिसमें ओपीडी, आईपीडी, प्रयोगशाला, प्रसव कक्ष, राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं सामान्य प्रशासनिक कार्यो का निरीक्षण कर स्कोरिंग की गई जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पादरली ने 87.16 प्रतिशत का स्कोर प्राप्त कर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) का सर्टिफिकेशन हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए चिकित्सा विभाग में उत्साह है साथ ही जिला कलक्टर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों को भी क्वालिटी एश्योरेंस में सर्टिफाईड करने का प्रयास किया जा रहा है।

नर्सिंग स्टूडेंट का प्रदर्शन जारी

जोधपुर, (कासं)। महात्मा गांधी चिकित्सालय स्थित सरकारी नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थी दूसरे अस्पतालों में ड्यटी पर जाने के लिए वाहन उपलब्ध करवाने और सुरक्षा की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे है। आज उन्होंने सातवे दिन भी लगातार काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। साथ ही आज उन्होंने दुकानों पर जाकर भीख मांगकर बस किराये के लिए रुपए जुटाए। नर्सिंग स्टूडेंट्स ने बताया कि वह महात्मा गांधी अस्पताल के अलावा उम्मेद अस्पताल एवं एमडीएम अस्पताल में भी ड्यूटी पर जाते हैं। उन्हें कई बार अलग-अलग अस्पतालों में ड्यूटी पर जाना होता है लेकिन उनके लिए वहां पर जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। सभी को अपने स्वयं की सुरक्षा पर वहां जाना होता है। उनकी मांग है कि उनके लिए बस या एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए जिससे वह रात्रि ड्यूटी के दौरान समय पर पहुंच सके। उन्होंने बताया कि इनमें 80 प्रतिशत महिला विद्यार्थी हैं, जो कि अलग-अलग अस्पताल में सीखने के लिए आदेश अनुसार रात-दिन जाते हैं लेकिन जोधपुर में बढ़ रही दुष्कर्म की घटना और अस्पताल में घटित वारदात के पश्चात डरे सहमे हैं। कई बार रास्ते में परेशानी भी आती है। नर्सिंग स्कूल प्राचार्य ने कोई सुविधा करने से भी मना कर दिया। न ही कोई सुनवाई हो रही है। इसको लेकर आज अस्पताल प्रशासन और सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिए उन्होंने दुकानों पर भीख मांगी और बस किराये के लिए चंदा एकत्रित किया।

क्षत्रिय घांची समाज का संघ रवाना

बालोतरा, (निसं)। श्री क्षत्रिय घांची समाज बालोतरा द्वारा श्री सुन्धा माता एवं खिमज माता का पावन पद यात्रा संघ शहर के द्वितीय रेलवे क्रॉसिंग के समीप बाबा रामदेवजी मंदिर से रविवार को गाजे बाजे के साथ रवाना हुआ। लाबूराम परिहार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री क्षत्रिय घांची समाज बालोतरा द्वारा पावन पद यात्रा संघ का जत्था रविवार को श्री सुन्धा माता, श्री खिमज माता के रथ एवं ध्वजा के साथ गाजे बाजे से प्रस्थान किया है। वहीं संघ 12 सितंबर को सुन्धा पर्वत पहुंचेगा। परिहार ने बताया कि महंत श्री सुखदेव महाराज (चोंच मंदिर महंत) ने प्रातः 7 बजे शुभ मुहूर्त में हरी झंडी दिखाकर संघ को रवाना किया। संघ में करीबन 135 श्रद्धालु पद यात्रा कर 12 सितंबर को श्री सुन्धा माता एवं श्री खिमज माता की यात्रा पूरी करेंगे। वहीं आयोजक कर्ताओं द्वारा 11 सितंबर को भीनमाल खिमज माता मंदिर में महा प्रसादी एवं जागरण का आयोजन होगा और 12 सितंबर को सुन्धा पर्वत पर महा प्रसादी एवं जागरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं 13 सितंबर को मंगला महाआरती कर संघ के श्रद्धालु वापस लौटेंगे। पावन पद यात्रा में लाबूराम परिहार, जोगाराम भाटी, पुखराज छ्व परिहार, नारायण भाटी, बाबूलाल भाटी, पुखराज स्परिहार, सोहनलाल परमार, जसराज भाटी, भंवरलालच्च परिहार, तेजाराम भाटी, पारसमल छ्व भाटी, मंगलाराम सोलंकी, पारसमल भाटी, भूराराम भाटी, नारायण बोराणा, सांवलाराम भाटी और सेवा हेतु कार्यकर्ता कस्तूरराम गहलोत, देवाराम भाटी और छगन चौहान का संघ में विशेष सहयोग रहा है।

सड़कों की मरम्मत करवाने की मांग

जालोर, (कासं)। ऑटो रिक्शा यूनियन के अम्बालाल माली के नेतृत्व में सोमवार को जालोर में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे को ज्ञापन सौंपकर जालोर शहर में पिछले लम्बे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों व जगह जगह पड़े खडडे व सिवरेज के मैनहॉल की मरम्मत करवाने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञापन में बताया कि पिछले लम्बे समय से जालोर शहर की सडके बिल्कुल टुटी हुई जर-जर अवस्था में एक फीट से डेढ फिट के खडडे पडे हुये है। जिसको लेकर ऑटो रिक्शा चालको ने कई बार नगरपरिषद् व पी.डब्ल्यु.डी विभाग को ज्ञापन दिया व मौखिक रूप से उपस्थित होकर भीं कही बार आग्रह किया। लेकिन आज दिन तक काई भी अधिकारी ने ना तो मौके पर पहूँचे और नहीं सड़कें व खड्डे ठीक करवाये। ऑटो-रिक्शा चालक स्कुल के छोटे-छोटे बच्चे को बिठाकर स्कूलों में छोड़ने जाते है, तो दुर्घटना का भय बना रहता है। ऑटो रिक्शा में इतना मेन्टेनेनस व खर्चा आता है की ऑटो रिक्शा वाले बैंक की किस्ते भी नहीं चुका पाते है। ज्ञापन में जगह जगह पड़े खड्डों की मरम्मत करवाकर सिवरेज सही करने की मांग की। इस दौरान अम्बालाल माली सहित काफी ऑटो चालक मौजूद थे।

दधीचि जयंती 11 को, कलश यात्रा आज

जोधपुर, (कासं)। दाधीच समाज के आराध्य महर्षि दधीचि जयंती 11 सितम्बर को धार्मिक एवं सामाजिक सेवार्थ कार्यो के साथ मनाई जाएगी। दाधीच समाज सेवा समिति संभाग के अध्यक्ष पवन आसोपा ने बताया कि जयंती महोत्सव पर 10 सितंबर को उम्मेद उद्यान से सुबह 9 बजे मातृ शक्ति की ओर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा उम्मेद उद्यान से प्रारंभ होकर पावटा सर्किल महर्षि दधीचि उद्यान पहुंचकर विसर्जित होगी। 11 सितम्बर को पावटा दधीचि उद्यान में महर्षि दधीचि की प्रतिमा पर सुबह सात बजे दुग्धाभिषेक होगा। शाम 4 बजे शोभायात्रा व वाहन रैली पावटा दधीचि उद्यान से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए माणक चौक दधीचि न्याति भवन पहुंच कर संपन्न होगी। इससे पहले सुबह 9 बजे विश्व शांति यज्ञ, सुबह 9.15 बजे पावटा सेटेलाइट अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। समिति के सचिव विकास दाधीच ने बताया कि समारोह का समापन 15 सितम्बर को टाउन हाल में होगा। कार्यक्रम के बाद समस्त दाधीच समाज की प्रसादी कार्यक्रम होगा।

दो युवकों ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती लूणी तहसील में दो गांवों में युवकों ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। इस बारे में लूणी थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने शवों को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया। लूणी पुलिस ने बताया कि प्रतापगढ जिले के कोटड़ी थानान्तर्गत चाकूदा निवासी बालूराम पुत्र खिदमल मीणा ने मर्ग की रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई शंकरलाल यहां कांकाणी में रहता था। वह मजदूरी करता था। उसने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। वहीं लूणी में ही सिणली निवासी सुरेश पुत्र भीखाराम भील ने पुलिस को बताया कि उसे पिता भीखाराम भील ने घर में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने दोनों शवों को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।

सांवलसा मंदिर में छप्पन भोग लगेगा

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर के कोठारी पाडा स्थित सांवलसा मंदिर में बुधवार को राधाअष्ठमी को छप्पनभोग का आयोजन होगा। पुजारी महेश बिस्सा ने बताया कि भगवान सांवलसा मंदिर में पुष्प सजावट एवं रोशनी की जायेगी। उन्होंने बताया कि बुधवार को सांय 6बजकर 30मिनट पर छप्पनभोग के दर्शन प्रारम्भ होंगे।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला का रामदेवरा में स्वागत किया

जैसलमेर/पोकरण, (नि.सं.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिर्ला सोमवार को रामसा पीर के दर्शन करने हेलीकाप्टर से रामदेवरा आये। दर्शन के पश्चात् जैसलमेर जिला माहेश्वरी सेवा समिति द्वारा रामदेवरा मेला में पिछले 20 वर्ष से नियमित चलाई जा रही भोजनशाला का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अवलोकन किया।

समाज जनों ने बिरला का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान बाड़मेर जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पोकरण विधायक प्रतापपुरी महाराज, जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, राज्य विद्युत मंत्री हीरालाल नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शारदा, जैसलमेर नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी, जैसलमेर भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण पुरोहित, कंवराजसिंह, सुनिता भाटी एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोजन शाला का अवलोकन किया।

अध्यक्ष जोगराज केला, सचिव एम एल टावरी, कोषाध्यक्ष दामोदर धीरण, हरीवल्लभ भूतडा अशोक केला, पोकरण समाज अध्यक्ष श्री रतन राठी, राधेश्याम राठी, जगदीश गांधी, भंवरलाल राठी, ओमप्रकाश राठी, भंवरलाल चाण्डक मिश्रीलाल राठी, मोहनलाल गांधी, आशाराम चाण्डक सहित समाज के कार्यकर्ताओं ने बिरला का स्वागत किया।

भोजनशाला के समस्त स्टाफ ने भी बिरला का स्वागत किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रामसा पीर के दर्शन करने के बाद रामदेवरा में जैसलमेर जिला माहेश्वरी सेवा समिति की भोजनशाला का अवलोकन करने पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

जोगराज केला ने लोकसभा अध्यक्ष एवं विधायक को जैसलमेर इन्टरसिटी चालू करने, रामदेवरा भोजन शाला के पास सिवरेज लाइन को लेकर ज्ञापन दिया।

रूट मार्च किया

जोधपुर, (कासं)। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के निर्देशानुसार सोमवार को अति संवदेनशील इलाका सूरसागर में रूट मार्च किया गया। आमजन से शांति व सौहार्द का माहौल बनाए रखने को सुरक्षा का संदेश दिया गया।

मेले में कारगर सिद्ध हुए सूचना केन्द्र, 2899 लोगों को परिजनों से मिलवाया

पोकरण/रामदेवरा, (निसं)। रामदेवरा में विगत भादवासुदी द्वितीया 5 सितम्बर से चल रहे अंतर प्रांतीय सुविख्यात बाबा रामदेवरा मेला-2024 के दौरान पंचायत समिति सांकडा मु. पोकरण के तत्वावधान में ग्राम पंचायत रामदेवरा के सहयोग से मेले में सहायक मेलाधिकारी कार्यालय रामदेवरा द्वारा संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्थापित किए गये कुल 7 सूचना केन्द्र अत्यंत लाभदायी साबित हो रहे है। मेले के अवसर पर इन सूचना केन्द्रों के माध्यम से अब तक कुल 2899 लोगों को अपने परिजनों से मिलवाया है, जिसमें 1977 पुरुष, 805 महिलाएँ एवं 107 बच्चे सम्मिलित है। इस प्रकार ये समस्त सूचना केन्द्र अपने-अपने जोन में श्रृद्वालुओं की सुविधार्थ अहम् भूमिका निभा रहे है।

सहायक मेलाधिकारी एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति सांकडा नरपसिंह भाटी ने बताया कि मेले में देश के कौने-कौने से दूर-दराज से लाखों की संख्या में आने वाले मेलार्थियों की आवक को दृष्टिगत रखते हुए यात्रियों के लिए सुविधार्थ सात सूचना केन्द्र संचालित हो रहे है। इन सभी सूचना केन्द्रों पर गुमसुदा बालकों, महिलाओं और वृद्वजनों के सहयोग व पहचान के लिए चौबीसों घण्टे राउण्ड द क्लॉक बेहतरीन सेवाएँ प्रदान की की जा रही है। सहायक मेलाधिकारी भाटी ने बताया कि मेलार्थियों की सुविधा हेतु स्थापित किए इन समस्त सूचना में प्रत्येक सूचना केन्द्र में 6-6 कार्मिक लगाये गये तथा जिसमें रहमततुल्लाह मेहर को प्रभारी तथा मूलाराम को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि साथ ही इसमें कुल 45 कार्मिक अपनी बारीनुसार राउण्ड द क्लॉक सेवाए दे रहे है। इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा अपने स्तर पर सभी सूचना केन्द्रों पर कुल 14 कार्मिक लगाये हुए है जो चौबीस घण्टे राउण्ड ऑफ द क्लॉक गुमशुदा बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गो के सहयोग व पहचान करवाने के लिये बहुत ही अच्छा कार्य कर सहयोग दे रहे है। इसके साथ ही इस कार्य में इनके सहयोग के लिए महिला आंगनवाढी कार्यकर्ताओं को लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि इन सभी सूचना केन्द्रों पर कार्यरत कार्मिकों द्वारा मेलार्थियों की सुविधा के लिए समय-समय पर माईके के जरिए उचित दिशा-निर्देश एवं सूचनाएँ प्रसारित की जा रही है। जिसके तहत मेले में साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने, बच्चों, वृद्वजनों का हाथ पकड़ कर रखने, जेबकतरों से सजग एवं सावधान रहने, मेले में पडी अनजान वस्तुओं को ना छुने के साथ ही दुकानदारों के लिए पॉलीथीन का उपयोग नहीं करने, अग्निशमन यंत्र व कचरा पात्र का उपयोग करने आदि दिशा-निर्देशों की पालना कराने संबंधी जैसी जनहितार्थ सूचनाएँ प्रसारित की जा रही है। इस प्रकार से ये सभी सूचना केन्द्र मेले के दौरान सुचारु ढंग से कार्य कर सराहनीय सेवाए दे रहे हैं।

कलकत्ता मामले को लेकर चिकित्सकों ने रोष जताया

कलकत्ता के आरजीकेआर मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व निर्मम हत्या के विरोध में जोधपुर में चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज में एकत्रित होकर रोष जताया

जोधपुर, (कासं)। कलकत्ता के आरजीकेआर मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और निर्मम हत्या को एक महीना होने के बावजूद न्याय नहीं मिला। हत्यारे अभी तक खुले घूम रहे है, देश की बेटियाँ सुरक्षित नहीं है। इसे लेकर आज देश भर की गायनकोलिजस्ट द्वारा देश भर में एफओजीएसआई ने प्रदर्शन किया।

जिसे आई.एम.ए. भी समर्थन कर रही है।

इसी के तहत सोमवार को जोधपुर में सभी चिकित्सकों ने दोपहर 3 बजे मेडिकल कॉलेज में एकत्रित होकर विरोध जताया। देश की बेटी अभया के लिए इंसाफ की मांग की।

इस अवसर पर चिकित्सकों ने वाइट एप्रॉन में काली पट्टी बांधकर मेडिकल कॉलेज में एकत्रित हो कर एक सुर में अन्याय के खिलाफ पुरजोर तरी से आवाज उठायी।

चोर 70 लाख के सोने के जेवरात चोरी कर गए

जोधपुर, (कासं)। बोरानाडा स्थित नारनाड़ी में एक मकान में गुजरी रात चोरी हो गई। चोर घर के पीछे से खिडक़ी से सरिया मोड़ कर अंदर घुसे और वहां से 70 लाख कीमत के स्वर्णाभूषण चोरी कर गए। घटना के समय परिवार के तीन चार सदस्य आंगन और छत पर सो रहे थे। इसमें किसी को भनक तक नहीं पड़ी।

चोरी में जानकार का हाथ होने का भी अंदेशा है। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे जाने के साथ मौके पर एमओबी और एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।

इस बारे में बोरानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिए विशेष टीमों को लगाया है।

एसीपी बोरानाडा नरेंद्र सिंह देवड़ा ने बताया कि बोरानाडा सर्किल के नारनाडी गांव के राजपुरोहितों का बास में प्रेमसिंह पुत्र बादरसिंह राजपुरोहित रहते है। 7-8 सितंबर की रात को वे अपने घर के आंगन में सो रहे थे। एक बेटा छत पर सो रहा था।

रविवार की सुबह सात बजे यानी 8 सितंबर को उठे तो कमरें में सामान बिखरा दिखा।

पता लगा कि कमरे के पीछे से अज्ञात चोरों ने खिडक़ी के सरिए मोड़ दिए और चर में प्रवेश किया है।

अज्ञात चोरों ने उसके घर से 50 तोला सोना, दो से तीन किलो चांदी के आइटम के साथ चार लाख सात हजार की नगदी ले गए है।

जालोर के नवनियुक्त जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गवांडे का अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जालोर के जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह मंडलावत के नेतृत्व में अभिनंदन किया। इस अवसर पर कर्मचारी महासंघ के शहजाद खान, पोकराम सोलंकी, कैलाश कुमार खत्री, ललित कुमार सुरयाल, हंजाराम सुनदेशा, राधेश्याम तंवर उपस्थित थे। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली में कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन किया

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर की ज्वलंत जनसमस्याओं को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई के नेतृत्व में कांग्रेसजनों एवं कई वार्डो के लोगों ने कांग्रेस भवन में सभा आयोजित की। इसके बाद में रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिला प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा का पुतला फूंक कर राजस्थान सरकार, जिला प्रशासन ओर नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मीडिया प्रभारी ताराचन्द चन्दनानी ने बताया कि कांग्रेस भवन में उपस्थित कांग्रेसजनों एवं विभिन्न वार्डो से समस्या लेकर आये नागरिकों को जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, प्रदेश प्रतिनिधि महावीरसिंह सुकरलाई, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई, ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा व प्रदेश महिला सचिव नीलम बिड़ला सहित कई पार्षदों ने संबोधित किया।

नंदगांव में राजस्थान गोसेवा समिति का सम्मलेन हुआ

रेवदर, (निसं)। श्रीराजस्थान गोसेवा समिति की ओर से मनोरमा गोलोकतीर्थ नंदगांव केसुआ के परिसर में देश के सैकडों संत महापुरुषों की मंगल सानिध्य में गोशाला प्रतिनिधि सम्मेलन प्रदेश में गोवंश के विभिन्न मुद्दों को लेकर संपन्न हुआ।

इस सम्मलेन में संतों, सरकार के मंत्रियों से लेकर प्रदेश के गोशालाओ के संचालकों ने वर्तमान में गोवंश की स्थिति को लेकर चिंता जताई। सम्मेलन में गृह, पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम मुख्य अतिथि एवम् पंचायती राज राज्यमंत्री ओटारामजी देवासी विशिष्ट अतिथि रहे। सम्मलेन के प्रारंभ में श्री राजस्थान गोसेवा समिति की ओर से ज्ञापन दिया गया। सम्मलेन की शुरुआत समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महंत रघुनाथ भारती के संबोधन से हुआ। भारती ने हजारों गोभक्तो को कहा की सरकार के बैठे लोगो को अगर गोमाता की स्थिति बताते हुए अनुदान मांगना पडे ये हमारी विडंबना है।

समिति के महामंत्री रघुनाथसिंह राजपुरोहित ने ज्ञापन में विभिन्न मांगों का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्रामस्तर पर गोचर को 30 साल की लीज देकर सरकारी सुविधा दी जाए। जो किसान गाय रखते है उसे सीधी सब्सिडी दी जाए, अगर गाय छोडते है तो दंडित करने का प्रावधान करे। अनुदान बढाकर बडे गोवंश का 100 रूपए और छोटे गोवंश का 50 रुपए किया जाए। खेती के लिए नर गोवंश का उपयोग किया जाए। देशी गोवंश को बढावा देने के लिए विदेशी कृत्रिम गर्भाधान को तुरंत प्रभाव से रोकना चाहिए।

समिति के अध्यक्ष महंत दिनेश गिरी फतेहपुर ने कहा कि गो आधारित जैविक खेती के लिए सरकार सहयोग करके किसान और गोशालाओं को समृद्ध करें। साथ ही मंत्री को अपने कुल की याद दिलाते हुए अपने जीवन को गोसेवा में समर्पित करने का आव्हान किया। महंत प्रकाशदास जी महाराज ने कहा कि वन्य जीव अभ्यारण हैं तो प्रदेश में गो अभ्यारण भी बनने चाहिए।

इस अवसर पर पंचायत राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा है कि पथमेडा महाराज जी की प्रेरणा से पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने स्टांप पर सेस कर लगाते हुए देश का पहला गोपालन मंत्रालय का गठन किया था। इसके बाद गोपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि गोसेवा के कारण ही मैं विधायक और मंत्री बना हूं। राजस्थान सरकार पहली बार गोपाल कार्ड बनाकर प्रत्येक गोपालक को एक लाख का बिना ब्याज का ऋण देगी।

श्रीराजस्थान गो सेवा समिति के पांच सदस्यों व गोपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक कर प्रदेशभर के गोशाला संचालकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का संकल्प लेता हूं। परम श्रद्धेय गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंदजी महाराज ने प्रदेश के गोशाला प्रतिनिधियों के सम्मेलन में पधारे गोशाला संचालको को आशीर्वाद प्रदान कर गोसेवा महाअभियान को गति देने का आ ान किया। इस अवसर पर रघुनाथसिंह महामंत्री श्री राजस्थान गोसेवा समिति, अर्जुनसिंह तिवरी महामंत्री गोधाम पथमेडा, धनराज चौधरी प्रधान सचिव गोधाम पथमेडा, हरिसिंह देवडा केसुआ, अर्जुन पुरोहित जिला प्रमुख, सुरेश कोठरी जिलाध्यक्ष भाजपा सिरोही, संगठन मंत्री रामचंद्र नेहरा, गणपत सिंह, श्रवण कुमार वराडा मैनेजिंग ट्रस्टी अर्बुदा गोनंदी तीर्थ सहित प्रदेश की गोशालाओं के सैंकडों प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस गोशाला प्रतिनिधि सम्मेलन में आये प्रदेशभर के गोशाला संचालको ने मनोरमा गोलोक की परि मा कर गोपूजन किया।रेवदर आज गोपालन, मत्स्य,डेयरी विभाग मंत्रालय राज्य मंत्री जोरावर सिंह बेडम का नंदगाव प्रवास के दोरान पहली बार रेवदर आगमन पर रेवदर मण्डल अध्यक्ष हरीश लोहार के नेतृत्यव मे फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दक्षा देवडा, जिला मंत्री जगसी राम कोली प्रकाश रावल, पूर्व जिला महामंत्री जय सिंह राव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जिला महा मंत्री मंजू देवी, महिला कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल, मण्डल उपाध्यक्ष जवाना राम माली, मण्डल महामंत्री दशरथ सोनी, अनिल वैष्णव, मीडिया प्रभारी तरुण अग्रवाल, सोशियल मीडिया प्रभारी ईश्वर घाँची, मोटा राम देवासी, नटवर छीपा, नरेश पंचाल उपस्थित रहे।

कचहरी पोल के जीर्णोद्वार की मांग

जालोर, (कासं)। सनातन धर्म सेवा एवं सवर्धन संस्थान जालोर ने सोमवार को कलेक्टर जालोर डॉ. प्रदीप के. गवांडे के साप्ताहिक बैठक में व्यस्त होने पर एडीएम शिवचरण मीना को शहर की ज्वलंत समस्याओं और जालोर की प्राचीन कचहरी पोल के जीर्णोद्वार करवाने को लेकर ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया कि जालोर की पुरातत्व व सनातन धर्म महत्व की अति प्राचीन कचहरी पोल खण्डहर होती जा रही है और शीघ्र जीर्णोद्वार नहीं किया गया तो पोल मलबे में परिवर्तित हो जायेगी। जिसमें जालोर की अमूल्य धरोहर समाप्त हो जाएगी । इसलिए जल्दी जीर्णोद्धार करवाया जाये। साथ ही पोल पर लगा सनातन संस्कृति का प्रतीक भगवा ध्वज जीर्णोद्वार के समय पोल के उपर उस स्थान पर शिफ्ट किया जाय,। जहां जीर्णोद्वार हो चुका है, अथवा जहा जीर्णोद्वार नहीं हो रहा है। तथा पोल की दीवार में लगा पत्थर पर खुदा हुआ शिला लेख जिसमे जलन्धरनाथ सटाय छै: और पोल निर्माण का विवरण इसका पूर्ण संरक्षण सफाई सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाये। संस्थान के बंशीलाल सोनी, प्रवीण सिंह नाथावत, सुनील शर्मा, पप्पू बंजारा, रमेश गहलोत, हेमेन्त सैन, दिनेश बारोट, संभाजी मराठा, सोमनाथ, मांगीलाल कच्छवाह, मगनाराम, लक्ष्मणराव, ओटाराम, रामशा माली, पुखराज, गोविन्द, गमनाराम,संदीप मेघवाल, मोहनलाल सुथार, चौथाराम, नैनाराम, लालाराम घांची, रणछोड राकावंत, नन्दलाल खरीट, महेश, प्रकाश सांखला, संजीव, जयन्तिलाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

गोवर्धन कल्ला की पुण्यतिथि मनाई

जैसलमेर, (नि.सं.)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बाड़मेर-जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनिवाल का कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

बेनिवाल ने कहा कि जैसलमेर की जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा दिये गये सुझावों व मुद्दों को संसद में मज़बूत तरीक़े से रखकर विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा। उन्होंने पूर्व विधायक स्व. गोवर्धनदास कल्ला की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई ।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर ने कहा कि जैसलमेर जिला पर्यटन उद्योग पर निर्भर ह। जैसलमेर से लम्बी दूरी की रेल और हवाई सेवा निरन्तर वर्षपर्यन्त चले। जैसलमेर से हावड़ा, दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, मुम्बई, जम्मू तवी, जयपुर से सीधी रेल नियमित चलाई जाए, स्थानीय युवाओं के रोजगार और डीएनपी सहित समस्याओं की ओर सांसद का ध्यानाकर्षण किया।

तंवर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ज़मीन से जुड़े रहकर जनता की समस्याओं को लाकर उनके निस्तारण के प्रयास करे।

पीसीसी सदस्य जानब खान ,उप ज़िला प्रमुख भुपेंद्र बारूपाल, उपाध्यक्ष सुमार खान, रतनाराम भील, पूर्व प्रधान नागेश प्रजापत, तगाराम बांधा, डलाराम राठौड़, सरस्वती छंगाणी, शान्ति चुरा, लक्ष्मण राम डेलु, ब्लॉक अध्यक्ष मुराद फकीर, कमलेश छंगाणी, रुपचंद सोनी, नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र आचार्य, आनन्द व्यास, ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कुंदन कुमावत,, काने खां मिरासी, रेशमाराम भील, , बलवीर पुनिया, गोवर्धन सिंह चौहान , उपेन्द्र आचार्य, महेन्द्र गोपा, प्रताप चंद दैया, अशोक बारासा, चन्द्र प्रकाश पुरोहित,गुमानाराम राठौड़, भगवाना राम, सुजाराम इणखिया, पुनमाराम गेंवा, रेखा जोशी, ललिता गर्ग, कंचन बारासा,परमेश्वरी राठौर, दुर्गा पंवार,नीरू भाटी,प्रेमी देवी, पाबुराम ,धाराराम, जैनाराम सत्याग्रही, पमुमल भार्गव,दिलीप सिंह महेचा, वीरेंद्र कुमार मेघवाल, शाहरुख़ खान, भवानी शंकर चौधरी,खेताराम प्रजापत, रमेश खत्री,भरत श्रीमाली, शंकर सिंह करडा, प्रेम डुंगर सिंह सुल्ताना, महेन्द्र वीरा, तरुण दैया, प्रागाराम मेघवाल, परसुराज जुईया,महेन्द्र गोपा,विजय बठड, गिरीश व्यास, मानाराम जानरा, गिरधारी राम ,नरसिंगा राम चेलक, लाभुराम मेघवाल, लीलाराम छत्रैल, दीपाराम, दीपक मेघवाल जैमला, बालाराम ईणखिया,मदन परमार ,शुभम व्यास, प्रदीप सिंह महेचा, मूलाराम भील तरुण कुमार दैया, जाकिर हुसैन चड़वा, दुर्गेश आचार्य, रमण लाल केला, मंगल भाटी, महेंद्र गोपा, प्रागाराम,लुणाराम चौहान,महेन्द्र वीरा, मण्डल अध्यक्ष सलीम खान छत्रेल, पीयुष गिरी गोस्वामी दुर्गेश आचार्य, प्रदीप महेचा, पमखेताराम धाणेली, अमर सिंह सोढा, रेवता राम हटार, दारमा राम देवड़ा, मानाराम देवड़ा, सिकन्दर सिंह आदि उपस्थित रहे।